**भारत सरकार**
**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या : 2794**
**उत्तर देने की तारीख : 12.12.2024**

# एमएसएमई में पूंजी निवेश

**2794. श्री सु. वेंकटेशन :**

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आत्मनिर्भर भारत कोष के माध्यम से एमएसएमई में पूंजी निवेश के रूप में कितनी राशि जुटाई गई है तथा इस योजना की शुरुआत से अब तक वर्ष-वार कितने एमएसएमई लाभान्वित हुए हैं;

(ख) मूल वार्षिक लक्ष्य तथा उसकी प्राप्ति का प्रतिशत क्या है;

(ग) आत्मनिर्भर भारत (एसआरआई) कोष प्राप्त होने के पश्चात कितनी कम्पनियां असफल हुईं तथा उनके नाम क्या हैं; और

(घ) कितनी कम्पनियां राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी स्थिति मजबूत कर चुकी हैं तथा उनके नाम क्या हैं?

**उत्तर**
**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री**
**(सुश्री शोभा करांदलाजे)**

(क) : वर्ष 2021 में शुरूआत से लेकर दिनांक 30.11.2024 तक, एमएसएमई में आत्म निर्भर भारत (एसआरआई) फंड के माध्यम से निवेश के रूप में जुटाई गई राशि और लाभान्वित एमएसएमई की संख्या का वर्ष-वार विवरण निम्नानुसार है:

| **वित्त वर्ष** | **एमएसएमई की संख्या** | **निवेश की गई कुल राशि (करोड़ रुपए में)** |
|---|---|---|
| वित्त वर्ष 2021-22 | 75 | 1,335 |
| वित्त वर्ष 2022-23 | 250 | 3,007 |
| वित्त वर्ष 2023-24 | 107 | 3,306 |
| वित्त वर्ष 2024-25 (30.11.2024 तक) | 91 | 1,964 |

(ख) : वर्ष 2021 में शुरूआत से लेकर दिनांक 30.11.2024 तक, एसआरआई फंड का वार्षिक लक्ष्य और उसकी उपलब्धियों का वर्ष-वार विवरण निम्नानुसार है:

| **वित्त वर्ष** | **वार्षिक लक्ष्य (एमएसएमई की संख्या)** | **सहायता प्राप्त एमएसएमई की संख्या** | **उपलब्धि % में** |
|---|---|---|---|
| वित्त वर्ष 2021-22 | 75 | 75 | 100% |
| वित्त वर्ष 2022-23 | 246 | 250 | 101% |
| वित्त वर्ष 2023-24 | 55 | 107 | 195% |
| वित्त वर्ष 2024-25 (30.11.2024 तक) | 65 | 91 | 140% |

(ग) : सात कंपनियों ने आत्म निर्भर भारत फंड की प्राप्ति के उपरांत अपना परिचालन कार्य बंद कर दिया है। उनके नाम निम्नानुसार हैं:

| **क्र.सं.** | **कंपनी का नाम** |
|---|---|
| 1. | किड एप्टीविटी टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड |
| 2. | क्वालिटी ट्यूटोरियल्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 3. | सिग्नलएक्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 4. | वीसी एग्रीटेक प्राइवेट लिमिटेड |
| 5. | क्यूरियोसिटी एडटेक प्राइवेट लिमिटेड |
| 6. | जीएफएम रिटेल प्राइवेट लिमिटेड |
| 7. | मूओफार्म प्राइवेट लिमिटेड |

(घ) : वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान आठ कंपनियों के पास निर्यात के माध्यम से विदेशी विनिमय आय 50 करोड़ रुपए से अधिक थी। उनके नाम निम्नानुसार हैं:

| **क्र.सं.** | **कंपनी का नाम** |
|---|---|
| 1. | लोहुम क्लीनटेक प्राइवेट लिमिटेड |
| 2. | सुकिनो हेल्थकेयर सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड |
| 3. | एसबीसीडीसी सॉफ्टवेयर प्राइवेट लिमिटेड |
| 4. | एम्बर इंटरनेट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड |
| 5. | ट्रांसफॉर्मेटिव लर्निंग |
| 6. | कोवलेंस डिजिटल सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड |
| 7. | वेबक्लिपर टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड ('वेबएंगेज') |
| 8 | एक्सोटेलटेककॉम प्राइवेट लिमिटेड |

*****